# SHRI RAM COLLEGE, MUZAFFARNAGAR, (UP)

## Gud Mahotsav 2019: A Report

Strengthening the pillars of One-District-One Product (OPOD) Scheme of Uttar Pradesh Government and with an aim to raise awareness about Gud (Jaggery), its health benefits, Gud recipes, explore possibilities for jaggery-based products, promote to Gud (Jaggery) industry, and future prospects of jaggery industries the district administration of Muzaffarnagar and Shri Ram Group of Colleges had organised the three days (08/06/2019 to 10/06/2019) 'Gud Mahotsav' in Muzaffarnagar. It was the first time ever this type of festival organised in Uttar Pradesh and hosted by Muzaffarnagar. It was a very successful event of Muzaffarnagar which organised by District Administration and Shri Ram Group of Colleges by under supervision of Dr. Ajay Shankar Pandey (IAS) District Magistrate Muzaffarnagar and Dr Subhash Chand Kulshreshtha, Hon'ble Chairman of Shri Ram Group of Colleges. Many department of Shri Ram College played leading role for conducting this event and it was sponsored by many industries/organization.

Muzaffarnagar Gud Mandi is the biggest Gud Mandi of Asia and are famed with the name of Sugar Bowl due to the highest production of gud. This Mahotsav have played a vital role for gud industries. The main objective of the Gud Mahotsav was, showcasing the branding of jaggery and its related products and witnessed new opportunities, innovations and hopes for a lucrative future for the jaggery producers who forged direct linkages with the market. Gud (Jaggery) has been an integral part of a typical Uttar Pradesh platter. Earlier, people knew of merely jaggery in its typical form. The Gud Mahotsav have tried to link the 80 types of jaggery in the state with the people who otherwise are not aware of its variety. Awareness about jaggery was popularized by this event.

Co-ordinator<br>IQAC, Shri Ram College,<br>Muzaffarnagar

Principal<br>Shri Ram College<br>Muzaffarnagar

This *Gud* Mahotsav was celebrated in three days in which *Gud* Exhibition, Seminar and research on *Gud* with some related issues were discussed. In *Gud* Mahotsav seminar and exhibition we received 28 motivational messages for success of Gud Mahotsav. The name of some are as follows: Mr. Yogi Adityanath ji, Hon'ble Chief Minister of Uttar Pradesh; Dr. Sanjeev Kumar Balyan Hob'ble, Minister of State for Animal, Husbandry, Dairying & Fisheries Government of India; Mr. Kaishav Prashad Morya, Hon'ble Dy. Chief Minister of Uttar Pradesh; Mr. Satesh Mahana Hon,ble Minister of Industry, Uttar Pradesh; Mr. Surya Pratap Shahi, Hon,ble Minister of Agriculture, Agriculture Education, & Research, Uttar Pradesh; Mr. Suresh Rana, Hon,ble Minister of Sugar & Cane, Uttar Pradesh and many MLAs etc Many Agriculturalist and Bureaucrats also send their messages to success of event.

Several research article and research papers were presented in Gud Mahotsav seminar on different related issues of gud i.e., Need of GI tag, need of digital platform for promotion of gud trading, organic cane farming, organic gud, use of gud as medicine, sweet, in various dishes, gud as future business, gud vs. sugur, policies to export gud, modernization of gud production etc.

In the Gud Mahotsav we collected data by survey and prepared a directories of Kholus units with name, contact details, address, complete details of organic and progressive farmers, Gud traders & exporters, production verities of gud and quantity and every related information of Gud, Gud Makers, Cane Farmers, Gud Traders, Gud Machine makers, government help line numbers and related persons details.

In the Gud Exhibition many progressive sugarcane farmers, kholuu makers and Jaggery traders and agriculture scientist came from different State like Uttara Khand, Madya Pradesh and Maharashtra & from various district like Bijnor, Saharanpur, Shamli, Lucknow, Meerut, Lakhimpur, Pilibhit, and Farrukhabad etc. They had set up more than hundred stalls and sold their Jaggery product and also promoted jaggery of diverse types and flavours. There were several types

Co-ordinator
IQAC, Shri R... College,
Muzaffarnagar

Principal
Shri Ram College
Muzaffarnagar

of jaggery available at the event flavoured with aniseed, cardamom, dry ginger, peanuts, saffron, almonds and sesame. There was also Gud Laddoo, God Tea, God Ice-cream, God halwa etc. This jaggery festival witnessed a hundred and three stalls of jaggery and jaggery-based products. Many stalls were able to sell eighty-per cent of their stocks. Many had to bring in fresh supplies from their villages for the second day and third day. This fest will also work as a central platform where aggro -producers will be able to meet specialist producers and people from the food processing sector. This confluence will help the different groups to share their knowledge for symbiotic growth.

It was a very useful, relevant, informative and successful event and a model to awareness farmer towards organic & scientific farming, future entrepreneurship and progressiveness.

In the last day many contributors were awarded by ministers and government officials. It was a successful event and after the event, the proceeding of *Gud Mahotsav* was published, which can be watch on the following link-

http://srcmzn.com/images/Gud%20mahotsav%20Shri%20ram%20college%20(1).pdf

A documentary film on Jaggery namely 'Sharkara' was also prepared and presented by the department of Journalism and Mass Communication, which can be watch on the following link-

https://www.youtube.com/watch?v=T-ascUpJo34

The news of this eventcan be watch on the following link-

https://www.youtube.com/watch?v=8m9X74G32Ww

**(Dr. Mohd Ashfaq Ali)**
Coordinator

Principal
Shri Ram College
Muzaffarnagar

Co-ordinator
IQAC, Shri Ram College,
Muzaffarnagar

# Photographs of Gur Mahotsav-2019


















Co-ordinator
IQAC, Shri Ram College,
Muzaffarnagar

Principal
Shri Ram College
Muzaffarnagar

# गन्ना, गुड़ और उनके उत्पाद

## मुजफ्फरनगर के कुछ परिदृश्य



प्रेरणा एवं पहल:

**डॉ. अजय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर**

संरक्षक मंडल:

**श्री सुधीर कुमार सिंह, आई.पी.एस., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मु0नगर**
**श्रीमति अर्चना वर्मा, आई.ए.एस., सी.डी.ओ., मुजफ्फरनगर**
**श्री अमित सिंह, अपर जिला मजिस्ट्रेट, प्रशासन, मुजफ्फरनगर**
**श्री आलोक कुमार, अपर जिला मजिस्ट्रेट, वित्त एवं राजस्व, मुजफ्फरनगर**
**श्री महेन्द्र प्रसाद, सचिव, मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण**
**श्री अतुल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर**
**श्री नरेन्द्र कुमार, उप-कृषि निदेशक, मुजफ्फरनगर**
**श्री भीम सेन कंसल, प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति, मुजफ्फरनगर**
**श्री पंकज अग्रवाल, अध्यक्ष, पेपर मिल एसोसिएशन, मुजफ्फरनगर**
**श्री सी. के. जैन, सी. एम. डी., गुलशन पोलयोलस लिमिटेड, मु0नगर**
**श्री सतीश चन्द्र गोयल, चेयरमैन, टिहरी स्टील्स, मुजफ्फरनगर**
**श्री राकेश बिन्दल, सी. एम. डी., बिन्दल ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज, मुजफ्फरनगर**
**श्री धर्मेन्द्र मलिक, सदस्य, कृषक समृद्धि आयोग, लखनऊ**
**श्री अशोक बालियान, अध्यक्ष, पीजेन्ट वैल्फेयर एसोसिएशन, म0नगर**
**श्री अरूण कुमार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, मुजफ्फरनगर**
**श्री राजेश कुमार, खांडसारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर**
**श्री संजय मित्तल, अध्यक्ष, गुड़-खांडसारी मर्चेन्ट एसोसिएशन, मुजफ्फरनगर**

:: आयोजन समिति ::

अध्यक्ष:

डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ, चेयरमैन, श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉजेजेज, मु0नगर 9927749900

मुख्य समन्वयक:

डॉ. आर. डी. द्विवेदी, जिला गन्ना अधिकारी, मुजफ्फरनगर 7081202212
श्री परम हंस मौर्य, महाप्रबन्धक, डी. आई. सी., मुजफ्फरनगर 7376956264

सचिव:

श्री राकेश कुमार, सचिव, मण्डी समिति, मुजफ्फनरगर 9634200950

सह-सचिव:

डॉ. प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या, श्रीराम कॉलेज ऑफ एजूकेशन, मुजफ्फनरगर 9927028908

समन्वयक (प्रदर्शनी):

डॉ. आलोक गुप्ता 9319279551

समन्वयक मण्डल (गुड़ महोत्सव):

| | | | |
|---|---|---|---|
| डॉ. बुशरा आकिल | 7895051626 | डॉ. पूनम शर्मा | 9837155811 |
| श्री विभोर गुप्ता | 9758882227 | श्री रवि गौतम | 9927668855 |
| श्री तरूण कुमार | 7042561707 | डॉ. सौरभ जैन | 9045928003 |
| डॉ. के. एस. बर्मन | 8858834332 | श्री नितीश भारद्वाज | 7017531747 |
| श्री ऋषभ भारद्वाज | 9758555524 | श्री अली अम्मार | 9810966911 |
| कु. साक्षी श्रीवास्तव | 7417023600 | डॉ. आलोक जैन | 9897396390 |
| डॉ. श्वेता राठी | 8800538281 | श्री अजेय चौहान | 9927079966 |
| श्री श्रीकान्त सिंह | 9997822164 | श्री संजयकान्त | 8445744153 |

समन्वयक (संगोष्ठी):

डॉ. अशफाक अली 9917160786

संयोजक (संगोष्ठी):

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री पंकज कुमार | 9458850289 | श्री प्रशान्त चौहान | 9760766254 |

संयोजक मण्डल (संगोष्ठी):

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री हेमन्त त्यागी | 9557602000 | श्री विवेक त्यागी | 9927729646 |
| श्री राजीव रावल | 9719128417 | कु. श्रुति मित्तल | 7417953134 |
| श्री मौ. दानिश | 8445992658 | श्री दीपक त्यागी | 9897138837 |

SANGAL PRINTERS, SHAMLI # 9927122000

उत्तर प्रदेश सरकार की

महत्वाकांक्षी योजना

एक जनपद - एक उत्पाद

के अन्तर्गत

# गुड़ महोत्सव, मुजफ्फरनगर

**08 जून 2019 - 10 जून 2019**

(समय : प्रतिदिन प्रात: 11 बजे से सायं 6 बजे तक)

## गुड़ : जीवन की असली मिठास

गुड़ महोत्सव

:: आयोजक एवं आयोजन स्थल ::

SRGC

# श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजज

परिक्रमा मार्ग, सरकुलर रोड़, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क सूत्र: डॉ. आलोक गुप्ता (9319279551)

## मुजफ्फरनगर : एक नजर

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गंगा–यमुना दोआब में स्थित मुजफ्फरनगर जनपद अपनी गहन एवं व्यावसायिक कृषि के लिये प्रसिद्ध है। गन्ना यहाँ की मुख्य व्यावसायिक फसल है जो कुल बोए गए क्षेत्र के 65 प्रतिशत भाग पर उगाया जाता है अतः गन्ने की फसल पर आधारित चीनी मिलों के अतिरिक्त यहाँ गुड़ एवं खाण्डसारी प्रमुख लघु एवं कुटीर उद्योग हैं। इसके अतिरिक्त यह जनपद सरिया एवं कागज उद्योग के लिये भी विख्यात है।

## गन्ना एवं चीनी उद्योग

मुजफ्फरनगर जनपद **"चीनी के कटोरे"** के नाम से विख्यात है, क्योंकि यहाँ चीनी एवं गुड़ का विश्वस्तरीय रिकार्ड उत्पादन होता है। जनपद मुजफ्फरनगर गन्ना उत्पादन में प्रदेश में अग्रणी स्थान रखता है। जनपद में एक उच्च स्तरीय गन्ना शोध संस्थान है जहाँ पर किसानों को गन्नें की विभिन्न प्रजातियों एवं नवीनतम तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाता है। जनपद में गुड़ की थोक मण्डी जिसे नई मण्डी कहते है, 1954 में स्थापित हुई थी। नई मण्डी में स्थान सीमित होने के कारण 1976 में उ0प्र0 सरकार द्वारा नवीन मण्डी की स्थापना हुई। जहाँ प्रत्येक दिन विभिन्न प्रकार के गन्ना उत्पादों का भारत एवं भारत के बाहर विदेशों को निर्यात किया जा रहा है। जनपद में आठ चीनी मिलें है जो मुजफ्फरनगर को एक चीनी आधारित अर्थव्यवस्था बनाती है, चीनी के साथ–साथ जनपद मुजफ्फरनगर विश्व में गुड़ एवं खांडसारी उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।

## गुड़ः चीनी का स्वस्थ विकल्प

गुड़ बनाने की प्रक्रिया में कोल्हू एक प्रमुख इकाई है जिसमें गन्नें की पिराई कर गन्ने का रस निकाला जाता है जिसमें रस को पकाकर गुड़ को बनाने की प्रक्रिया को पूरा किया जाता है। वर्तमान में मुजफ्फरनगर जनपद में लगभग 1000 कोल्हू इकाईयाँ कार्य कर रही हैं जिनमें विभिन्न प्रकार का गुड़ बनाया जा रहा है। गुड़ एक मीठे खाद्य उत्पाद के रूप में प्रयोग होता है। अक्सर चीनी के स्थान पर इसे स्वस्थ विकल्प के रूप में माना जाता है। इसे 'नॉन–सेंट्रीफ्यूगल' शुगर कहा जाता है क्योंकि यह सेंट्रीफ्यूगेशन प्रक्रिया के दौरान अलग–अलग परतों में विभाजित नहीं होता है। यहाँ पर उत्पादित होने वाला गुड़ देश के अन्य प्रदेशों जैसे गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, असम आदि राज्यों को निर्यात किया जाता है। एशिया में मुजफ्फरनगर को गुड़ का सबसे बड़ा बाजार माना जाता है। परम्परागत रुप सें गुड़ का उपयोग भारत कें ग्रामीण क्षेत्रों में भोज्य सामग्री में एक पोषक मीठे तत्व के रुप में किया जाता है जिसमें रस, खीर, गुड़ की चाय, गुड़ की घर पर बनी मिठाईयाँ मुख्य हैं। गुड़ का प्रयोग प्राचीन काल से ही विभिन्न प्रकार की औषधियों में शहद के विकल्प के रुप में किया जाता रहा है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार गुड़ उद्योग के उत्थान हेतु विभिन्न योजनाओं को संचालित कर रही है।

## गुड़ महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य

उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी **"एक जनपद–एक उत्पाद"** योजना का मुख्य उद्देश्य है कि प्रत्येक जनपद की विशिष्ट शिल्प कलाओं एवं उत्पादों को प्रोत्साहित किया जाये। उत्तर प्रदेश में ऐसे उत्पाद बनते हैं जो देश में कहीं और उपलब्ध नहीं है। यहाँ लघु एवं मध्यम दर्जे की तमाम ऐसी औद्योगिक ईकाइयाँ हैं जिन्हें उन्नत मशीनरी, आधुनिकीकरण एवं उत्पाद क्षमता वृद्धि की आवश्यकता है। प्रदेश में जन विविधता, जलवायु विविधता, आस्थाओं एवं संस्कृतियों की विविधता की तरह ही उत्पादों एवं शिल्प कलाओं में भी एक मोहक विविधता है। इस परियोजना के तहत मुजफ्फरनगर जनपद में गुड़ की उत्पादकता एवं पारम्परिक उद्योग को देखते हुए प्रदेश सरकार ने इस जनपद के गुड़ उद्योग को "एक जनपद–एक उत्पाद" की श्रेणी में स्थान दिया है। इस महोत्सव के द्वारा गुड़ उद्योग से जुडे प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार की प्रोत्साहन नीतियों का प्रचार प्रसार, नई तकनीकों का अधिकतम उपयोग, गुड़ की गुणवत्ता एवं उत्पादन बढाना, पैकेजिंग एवं नये नये प्रकार के गुड़ का उत्पादन करना है। इसके अतिरिक्त गुड़ के औषधीय गुण, इससे निर्मित व्यंजन और औषधियों में इसके प्रयोग पर भी विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

## गुड़ महोत्सव के मुख्य आकर्षण

1. प्रदर्शनी
   - फूड कोर्ट – गन्ने का रस, रस खीर, गुड़ की चाय विभिन्न स्वादों में, गुड़ की स्वादिष्ट मिठाइयाँ, गजक, रेवड़ी, चटकन, बेसन पाग, केक, पेस्ट्री आदि
     पश्चिमी फूड, चाइनीज फूड, साउथ इण्डियन फूड, विभिन्न प्रकार की चाट, आईस क्रीम इत्यादि
   - स्टॉल्स – अत्यन्त सस्ते दाम में गुड़ और गुड़ से बनी वस्तुओं की बिक्री
   - गन्ना स्टॉल – विभिन्न प्रकार के गन्ने उससे मिठास की रिकवरी, बोने की विधियाँ, उसमें लगने वाली बीमारियों की रोकथाम आदि।
   - गन्ना रस स्टॉल – विभिन्न प्रकार के गन्ने के जूस, उनकी पैकिंग, लम्बी अवधि तक जूस को सुरक्षित रखने के उपाय, रस खीर आदि
   - गुड़ स्टॉल – विभिन्न प्रकार के गुड़, गुड़ के आकार गुड़ के रसायनिक गुण, राब, सिरका, शीरा, खाण्ड आदि।
   - गुड़ चाय स्टॉल – विभिन्न प्रकार की गुड़ से बनी चाय
   - गुड़ मिष्ठान स्टॉल– बर्फी, बेसन सेव पाग, गजक, कतली, रेवड़ी, चटकन, गुड के लडडु आदि।
   - गुड़ से बनने वाले व्यंजन– गुड से बनने वाले देशी व विदेशी व्यंजन स्टॉल व्यंजन जैसेः कॉफी, चॉकलेट, केक, टिक्की इत्यादि।
   - कोल्हू स्टॉल – कोल्हू की कार्यशैली, परम्परागत एवं एवं आधुनिक कोल्हू, नवीन तकनीकी विकास आदि
   - गुड़ व स्वास्थ्य – गुड़ से बनने वाली विभिन्न औषधियाँ व ऑर्गेनिक गुड़
   - आँकड़ों, मानचित्रों एवं विभिन्न मॉडल्स का प्रदर्शन स्टॉल
2. गतिविधि – संगोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन
3. सांस्कृतिक कार्यक्रम – नाटिका, नुक्कड़ नाटक, लोक गीत एवं लोक नृत्य।
4. डिजिटल प्लेटफॉर्म – गन्ना, गुड़ व्यापारियों एवं ग्राहकों के लिये एक एप व वेब पोर्टल जिससे ऑनलाईन गुड़ की सभी जानकारियाँ मिल सके और ऑनलाईन व्यापार किया जा सके।

## संगोष्ठी व कार्यशाला के मुख्य बिन्दु

संगोष्ठी को तीन कार्य दिवसों में विभाजित किया गया है। जिसमें प्रत्येक दिन अलग–अलग विषयों पर विचार–विमर्श होगा।

- **प्रथम दिवस – दिनांकः 08.06.2019**
  **समय प्रातः 11 बजे से**
  **सायं 6 बजे तक**

"गुड़ उद्योग का ग्रामीण विकास मे योगदान"

- गुड़ उद्योग का इतिहास एवं क्षेत्रवार वितरण एवं विश्लेषण
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- गुड़ उद्योग में रोजगार के अवसर
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- गुड़ उद्योग का सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव

- **द्वितीय दिवस – दिनांकः 09.06.2019**
  **समय प्रातः 11 बजे से**
  **सायं 6 बजे तक**

"गुड़ उद्योगः संसाधन एवं तकनीक"

- गन्ने का उत्पादन, उन्नतशील प्रजातियाँ, बुवाई की विधियां एवं बीमारियों की रोकथाम।
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- गुड़ उद्योगः उत्पादन, क्षमता एवं विभिन्न तकनीकियाँ।
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- गुड़ उद्योग के उत्थान एवं विकास हेतु सरकार की पहल एवं नवीन खाण्डसारी नीति।

- **तृतीय दिवस – दिनांकः 10.06.2019**
  **समय प्रातः 11 बजे से**
  **सायं 6 बजे तक**

"गुड़ः उत्पादन, विपणन (बिक्री) एवं वितरण प्रणाली"

- डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्घाटन
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- मंडी समिति, मूल्य निर्धारण एवं व्यापारियों एवं किसानों की आय, गुड़ की शुद्धता को बढाने के उपाय
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- ट्रान्सपोर्टेशन, भंडारण, पैकिग आदि के प्रभावी प्रबंधन।

:: आयोजन का स्थान ::

# श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजज

# Glimpses of Gud Mahotsva 2019




















मुख्य अतिथि
श्री सुरेश राणा




"एक जनपद

उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "एक जनपद – एक उत्पाद"
गुड़ महोत्सव
(प्रदर्शनी, संगोष्ठी, फूड कोर्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम)
08 जून 2019 - 10 जून 2019
श्री सुरेश राणा




समापन सत्र
मुख्य अतिथि


गुड़ महोत्सव


उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "एक जनपद - एक उत्पाद"
के अन्तर्गत आयोजित






मुख्य सत्र
मुख्य अतिथि
डॉ0 अजय शंकर पाण्डेय


एक जनपद - एक उत्पाद"
गुड़ महोत्सव






सरकार
अन्तर्गत आयोजित


आयोजित




“एक जनपद


कांक्षी योजना
आयोजित


एक उत्पाद”


के अन्तर्गत






चीनी उद्योग




एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम)


एक उत्पाद


उत्तर प्रदेश
की महत्वाकांक्षी योजना
के अन्तर्गत आयोजित








"एक जनपद - एक उत्पाद"
समापन सत्र
मुख्य अतिथि




फूड कोर्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम)


08 जून 2019 - 10 जून 2019
मुख्य सत्र
मुख्य अतिथि












Sangharsh Bio-Energy Company Ltd.


Rathi Gur Udhyog, Chhachharauli,


RESHU












TROPICAL AGRO
जैविक समाधान केन्द्र




मै० राठी गुड उद्योग


प्राकृतिक/जैविक उत्पाद केन्द्र






गुड़ महोत्सव


सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "एक जनपद - एक उत्पाद"
के अन्तर्गत आयोजित
गुड़ महोत्सव
(प्रदर्शनी, संगोष्ठी, फूड कोर्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम)
08 जून 2019 - 10 जून 2019
श्री सुरेश राणा
उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ


अभिमन्यु
केनप्लेक्स
गोल्ड
केनप्लेक्स छिड़काएँ
खेतों में सोना उगाएँ


एक उत्पाद


'एक जनपद - एक उत्पाद'


की महत्वाकांक्षी योजना "एक जनपद




08 जून 2019 – 10 जून 2019


के अन्तर्गत आयोजित
गुड़ महोत्सव
(प्रदर्शनी, संगोष्ठी, फूड कोर्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम)
08 जून 2019 - 10 जून 2019
सतीश महाना


उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "एक जनपद – एक उत्पाद"
के अन्तर्गत आयोजित
गुड़ महोत्सव
(प्रदर्शनी, संगोष्ठी, फूड कोर्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम)
08 जून 2019 - 10 जून 2019
मुख्य सत्र
मुख्य अतिथि
श्री सुरेश राणा


श्री सुरेश राणा


पद – एक उत्पाद"


गुड़ महोत्सव
(प्रदर्शनी, संगोष्ठी, फूड कोर्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम)
2019 - 10 जून 2019
मुख्य सत्र
मुख्य अतिथि




गुड़ महोत्सव



“एक
उत्पाद”
एवं
समापन




महत्वाकांक्षी
एक
के अन्तर्गत
संगोष्ठी,
08 जून


बर्फी
RESHU



"एक जनपद - एक उत्पाद"

# श्रीराम कॉलेज में तीन दिवसीय गुड महोत्सव का हुआ समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन की प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय गुड महोत्सव के तीसरे दिन समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश महाना, कैबिनेट मंत्री, औद्योगिक विकास एवं प्रभारी मंत्री रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर विधायक कपिलदेव अग्रवाल तथा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सतीश महाना ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारे जनपद के लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार की महत्वकांक्षी योजना एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत् जनपद के लिए गुड उत्पाद का चयन किया गया है। जिससे जनपद के गुड को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर तो पहचान मिलेगी ही साथ ही गुड उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार किसान हित में लगातार कार्य कर रही है। जिसका उदाहरण यह है कि अब किसान सरकार से सीधा संपर्क कर सकते है। हमारा यह प्रयास रहेगा कि गुड से जीएसटी, मंडी शुल्क एवं बिजली संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु उत्तरप्रदेश सरकार के साथ मिलकर इन दिशाओं में ठोस कदम उठाए जाए, साथ ही उन्होंने कहा कि गुड व्यापारियों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म भी तैयार किया जाएगा, जिसके माध्यम से गुड व्यापारी ऑनलाइन भी गुड की बिक्री कर सकेंगे। नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने बोलते हुए कहा कि कालान्तर में गुड उद्योग में भारी हास हुआ है। ऐसे में उत्तरप्रदेश सरकार की एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत् गुड उद्योगों को गति एवं नई ऊर्जा मिलेगी। इस प्रकार की प्रदर्शनी से जहां गुड एवं गुड से बने उत्पादों के लिए व्यापारिक मंच तैयार होगा वहीं किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने तीन दिवसीय गुड महोत्सव की सफलता का श्रेय जिला प्रशासन और श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डा. एससी कुलश्रेष्ठ को देते हुए कहा कि ये राजनैतिक संबंधों से ऊपर उठकर किसान हित के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने जनसमूह से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए, जिससे जलवायु प्रदूषण मुक्त बने। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियो को गुड पर शर्करा नामक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण करने के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें गुड उत्पादन की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से दर्शाया गया। फिल्म में गन्ना उत्पादन से लेकर तमाम उन प्रक्रियाओं को दर्शाया गया जो गुड को अंतिम रूप देती है। यह देश की पहली ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म है जो गुड पर बनी है। गुड महोत्सव 2019 के अवसर पर प्रदर्शित शर्करा नाम की डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने किया है। फिल्म का निर्देशन एवं पार्श्व स्वर श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष रवि गौतम ने दी है। डॉक्यूमेंट्री फिल्म की शूटिंग जनपद स्थित नवीन गुड मंडी कूकड़ा, भोपा के सिकन्दरपुर गढवाड़ा, मोरना के छछरौली एवं थाना ककरौली के बेहडा सादात में की गई है, जिसमें मुख्य रूप से प्रोडक्शन टीम में शामिल विशोर कुमार, सचिन प्रजापति और निखिल कटारिया ने कैमरा और विडियो सम्पादन किया है। गुड उद्योगों को संगठित एवं डिजिटलाइजेशन रूप प्रदान करने के लिए श्रीराम कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन के प्रवक्ता संजयकांत त्यागी एवं कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के विद्यार्थी प्रखर कुलश्रेष्ठ ने एक वेब पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन तैयार की है जिसके माध्यम से गुड उद्योग, कोल्हू व्यापारी एवं गुड को खरीदने व बेचने वालों के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध होगा, जिससे गुड का ऑनलाइन व्यापार राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त होगा। इस अवसर पर गुड उत्पादन, विपणन एवं वितरण प्रणाली विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें डिजिटल प्लेटफॉर्म का उत्पादन, मंडी समिति, मूल्य निर्धारण, एवं व्यापारियों व किसानों की आय, गुड की शुद्धता को बढ़ाने के उपाय, ट्रांसपोर्टेशन, भंडारण, पैकिंग आदि के प्रभावी प्रबंधन आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन एससी कुलश्रेष्ठ, धर्मेंद्र मलि सदस्य किसान समृद्धि आये उत्तरप्रदेश, अमित सिंह, एडीए संजय मित्तल, अध्यक्ष, गुड़ खांडसारी एसोसिएशन, अध्य नगरपालिका परिषद अंजू अग्रवा जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे एसएसपी सुधीर कुमार सिंह, सीमा पांडेय, आलोक कुमार, अ जिला मजिस्ट्रेट, वित्त एवं राजस श्रीराम कॉलेज के अध्यक्ष डा. एन मजूमदार, श्रीराम कॉलेज के निदेश डा. आदित्य गौतम, श्रीराम कॉले कॉर्डिनेटर डा. प्रेरणा मित्तल, श्रीर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट की डीन पूनम शर्मा, रवि गौतम, वैशाल रूपल मलिक, बुशरा आकिल, प्रश चौहान, डा. ऋतु गर्ग आदि महत्वपूर्ण योगदान रहा।




श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज में प्रस्तुति देती छात्र-छात्राएं। छाया: शाह टाइम्स

SHAH TIMES

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL

# मुजफ्फरनगर में हुआ राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का पहला गुड़ महोत्सव का उद्घाटन

मुजफ्फरनगर,खुशी कुरैशी,(पंजाब केसरी):उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना 'एक जनपद एक उत्पाद' के अन्तर्गत आज मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का पहला गुड़ महोत्सव का आयोजन किया गया। यह जनपद के गौरव क़ी बात है कि अपनी अलग पहचान लिये एक अनूठे प्रकार का तीन दिवसीय गुड महोत्सव का आयोजन 8 जून से लेकर 10 जून तक श्रीराम कालेज के प्रांगण में किया जायेगा। आज तीन दिन चलने वाले इस गुड़ महोत्सव का उद्घाटन डा.संजीव बालियान, केन्द्रीय राज्य मंत्री, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन, भारत सरकार द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया।डा संजीव बालियान ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा किं यह देश- विदेश का पहला गुड महोत्सव है। जो जनपद के लिए गौरव की बात है। उन्होने कहा कि ओडीओपी के अन्तर्गत इसका आयोजन होना जनपद के लिए सुखद है। उन्होने कहा कि कहा कि गुड उघोग के समक्ष कई समस्याए है जिसमें से एक जीएसटी की समस्या है। उनहोने कहा कि षीघ्र ही गुड से जीएसटी को हटाने के प्रयास किये जायेगे। उन्होने कहा कि गुड को कृषि उत्पाद घोषित किया जायेगा। उन्होने कहा कि गुड के उत्पाद को बढावा देना है। साथ ही गुड माफियाओं पर भी कडी कार्यवाही कराई जायेगी। गुड पर लगने वाले मण्डी टैक्स व कोल्हू के लिए बिजली कनैक्शन व बिजली की दरों को कम कराने के प्रयास भी किये जायेगे। उन्होने कहा कि उपस्थित विधायक इस और सरकार का ध्यान आकृष्ट करेगे ऐसा मेरा सभी विधायकों से अनुरोध है और गुड उत्पादकों की समस्याओं का निराकरण भी करायेगे। मंत्री ने कहा



मुजफ्फरनगर में गुड महोत्सव में मौजूद अतिथिगण।(छाया:तन्जीम आमिर)

कि इस उघोग में युवाओ को आगे लाया जायेगा और उन्हे इस आधुनिक रोजगार से जोडा जायेगा। उन्होने कहा कि जनपद में 100 आधुनिक काल्हू लगाने का लक्ष्य है प्रषासन इस ओर ध्यान देगा और कोल्हू लगाने वाले व्यक्तियों को बैंक से लोन लेने में आने वाली कठिनाईयों का समाधान भी करायेगा। उन्होने कहा कि बडे हर्ष का विषय है कि गुड को लेकर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उनहोने कहा गुड महोत्सव के अलावा जनपद की पहचान पेपर मिल व लोह उघोग से भी रही है। इन विषयों को लेकर भी कार्यक्रमें का आयोजन होना चाहिए। इस अवसर पर मा0 विधायक विजय कष्यप ने भी अपने विचार रखे जिसमें उन्होने कोल्हू संचालकों की समस्याओं से मंत्री जी को अवगत कराया।जिलाधिकारी अजय षंकर पाण्डेय ने कहा कि जनपद का प्रदेश में गन्ना उत्पादन में अग्रणी स्थान है। जिस कारण इसे चीनी का कटोरा भी कहा जाता है और ऐषिया की सबसे बडी गुड मंडी भी यहां स्थापित है। उनहोने कहा कि महोत्सव का मुख्य उददेश्य गुड उत्पादन को संगठित कुटीर उघोग के रूप में स्थापित करना है। गुड के लिए उपभोक्ताओं की रूचि को विकसित करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि गुड जनपद की सांस्कृतिक पहचान है। उसकी पहचान बनाते हुए इस आधुनिकता से जोडा जायेगा।इस अवसर पर गुड उद्योग का ग्रामीण विकास में योगदान विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें गुड उद्योग का इतिहास एवं क्षेत्रवार विवरण एवं विश्लेषण, गुड उद्योग में रोजगार के अवसर, गुड उद्योग का सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त ग्रामीण परिवेश की संस्कृति को दर्शाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डा.एससी कुलश्रेष्ठ ने बोलते हुए कहा कि यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि यह जनपद के गौरव की बात है कि इस उत्सव का आयोजन करने के लिए उत्तर प्रदेष सरकार एवं जिला प्रषासन ने हमारे कॉलेज का चयन किया है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस पहल के माध्यम से गन्ना किसान के जीवन स्तर में आर्थिक रूप से सुधार आएगा और गन्ना किसान सशक्त भी बनेगा।कार्यक्रम में प्रमोद ऊंटवाल, विधायक पुरकाजी, विक्रम सैनी, विधायक खतौली, उमेश मलिक विधायक बुढ़ाना, कपिलदेव अग्रवाल, विधायक मुजफ्फरनगर, विजय कष्यप, विधायक चरथावल, अंजू अग्रवाल, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, धर्मेंद्र मलिक, सदस्य किसान समृद्धि आयोग, उत्तर प्रदेश, सुधीर कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अमित सिंह, एडीएम(ई), भीमसेन कंसल,डा.सुधीर सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष, अशोक बालियान, श्रीराम कॉलेज के अध्यक्ष डा.एनजी0 मजूमदार, श्रीराम कॉलेज के निदेषक डा0 आदित्य गौतम, श्रीराम कॉलेज कॉर्डिनेटर डा0 प्रेरणा मित्तल, रवि गौतम आदि उपस्थित थे।

पंजाब केसरी

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL
S.R.C.
MZN.

# गुड़ व्यापारियों के लिए ऑनलाइन बिक्री हेतु डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा : सतीश महाना

मुजफ्फरनगर, 10 जून (स.ह.): उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन की प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार श्रीराम कॉलेज में आयोजित 3 दिवसीय गुड़ महोत्सव के आज तीसरे दिन समापन कार्यक्रम के मुख्यातिथि सतीश महाना, कैबिनेट मंत्री, औद्योगिक विकास एवं प्रभारी मंत्री मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश रहे। सतीश महाना ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारे जनपद के लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत मुजफ्फरनगर जनपद के लिए गुड़ उत्पाद का चयन किया गया है। इससे जनपद के गुड़ को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर तो पहचान मिलेगी



*मुजफ्फरनगर में प्रभारी मंत्री सतीश महाना को सम्मानित किए जाने का दृश्य।*

ही, साथ ही गुड़ उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान सरकार किसान हित में लगातार कार्य कर रही है जिसका उदाहरण यह है कि अब किसान सरकार से सीधा संपर्क कर सकते हैं। हमारा यह प्रयास रहेगा कि गुड़ से जी.एस.टी., मंडी शुल्क एवं बिजली संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार कदम उठाए। गुड़ व्यापारियों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म भी तैयार किया जाएगा जिसके माध्यम से गुड़ व्यापारी ऑनलाइन भी गुड़ की बिक्री कर सकेंगे। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों को गुड़ पर शर्करा नामक डॉक्यूमैंट्री फिल्म का निर्माण करने के लिए सम्मानित किया गया।

इस डॉक्यूमैंट्री फिल्म का निर्माण श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने किया है। फिल्म का निर्देशन श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष रवि गौतम ने किया है। इस अवसर पर गुड़ उत्पादन, विपणन एवं वितरण प्रणाली विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के चेयरमैन डा. एस.सी. कुलश्रेष्ठ, धर्मेंद्र मलिक, विधायक कपिल देव व प्रमोद ऊटवाल, अमित सिंह, ए.डी.एम.ई., संजय मित्तल अध्यक्ष गुड़ एवं खांडसारी एसोसिएशन, अंजू अग्रवाल अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, अजय शंकर पांडेय जिलाधिकारी, सुधीर कुमार सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डा. सीमा पांडेय, आलोक कुमार अपर जिला मैजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व, श्रीराम कॉलेज के अध्यक्ष डा. एन.जी. मजूमदार, निदेशक डा. आदित्य गौतम, को-ऑर्डिनेटर डा. प्रेरणा मित्तल, डीन डा. पूनम शर्मा, रवि गौतम, वैशाली, रूपल मलिक, बुशरा आकिल, प्रशांत चौहान, डा. ऋतु गर्ग आदि के साथ बहुत से लोग मौजूद रहे।

पंजाब केसरी

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL
S.R.C.
MZN.

# तीन दिवसीय गुड़ महोत्सव का हुआ समापन

## जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश महाना ने कहा, गुड़ व्यापारियों के लिए डिजिटल प्लेटफार्म होगा तैयार

● जनवाणी संवाददाता, मुजफ्फरनगर





गुड़ महोत्सव में लगे स्टॉल्स पर गुड़ को चखते जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश महाना और छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते मंत्री। ■ फोटो : जनवाणी

उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन की प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय गुड महोत्सव का सोमवार को तीसरे दिन समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश महाना रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर विधायक कपिलदेव अग्रवाल तथा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सतीश महाना ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारे जनपद के लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार की महत्वकांक्षी योजना एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत् मुजफ्फरनगर जनपद के लिए गुड़ उत्पाद का चयन किया गया है, जिससे जनपद के गुड़ को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर तो पहचान मिलेगी ही साथ ही गुड़ उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार किसान हित में लगातार कार्य कर रही है। इसका उदाहरण यह है कि अब किसान सरकार से सीधा संपर्क कर सकते है। हमारा यह प्रयास रहेगा कि गुड़ से जीएसटी, मंडी शुल्क एवं बिजली संबंधी समस्याओं के निवारण को उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर इन दिशाओं में ठोस कदम उठाए जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि गुड़ व्यापारियों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म भी तैयार किया जाएगा। जिसके माध्यम से गुड़ व्यापारी ऑनलाइन भी गुड़ की बिक्री कर सकेंगे।

नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने बोलते हुए कहा कि कालान्तर में गुड़ उद्योग में भारी ह्रास हुआ है। ऐसे में उत्तरप्रदेश सरकार की एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत् गुड़ उद्योगों को गति एवं नई ऊर्जा मिलेगी। इस प्रकार की प्रदर्शनी से जहां गुड़ एवं गुड़ से बने उत्पादों के लिए व्यापारिक मंच तैयार होगा वहीं किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने तीन दिवसीय गुड़ महोत्सव की सफलता का श्रेय जिला प्रशासन और श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ के चेयरमैन डा. एससी कुलश्रेष्ठ को देते हुए कहा कि ये राजनैतिक संबंधों से ऊपर उठकर किसान हित के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों को गुड़ पर शर्करा नामक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण करने के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें गुड़ उत्पादन की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से दर्शाया गया। फिल्म में गन्ना उत्पादन से लेकर तमाम उन प्रक्रियाओं को दर्शाया गया जो गुड़ को अंतिम रूप देती है। यह देश की पहली ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म है जो गुड़ पर बनी है। गुड़ महोत्सव 2019 के अवसर पर प्रदर्शित शर्करा नाम की डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने किया है। फिल्म का निर्देशन एवं पार्श्व श्वर श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष रवि गौतम ने दी है। डॉक्यूमेंट्री फिल्म की शूटिंग जनपद स्थित नवीन गुड़ मंडी कूकड़ा, भोपा के सिकन्दरपुर गढ़वाड़ा, मोरना के छछरौली एवं थाना ककरौली के बेहड़ा सादात में की गई है जिसमें मुख्य रूप से प्रोडक्शन टीम में शामिल विभोर कुमार, सचिन प्रजापति और निखिल कटारिया ने कैमरा और विड़ियो सम्पादन किया है। जबकि इस फिल्म की पटकथा योगीराज बनजारा और अर्पित राठौर ने लिखी है। इसके अतिरिक्त डाटा संकलन में सौरव शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं फिल्म के दृश्यों को रवि गौतम ने अपनी आवाज के माध्यम से परिचित कराया है। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ के चेयरमैन डा. एससी कुलश्रेष्ठ, धर्मेन्द्र मलिक, सदस्य किसान समृद्धि आयोग, उत्तरप्रदेश, अमित सिंह, एडीएमई, संजय मित्तल, अध्यक्ष, गुड़ एवं खांडसारी एसोसिएशन, अंजू अग्रवाल, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, अजय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर, सुधीर कुमार सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डा. सीमा पांडेय, आलोक कुमार, अपर जिला मजिस्ट्रेट, वित्त एवं राजस्व मुजफ्फरनगर, श्रीराम कॉलेज के अध्यक्ष डा. एनजी मजूमदार, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा. आदित्य गौतम, श्रीराम कॉलेज कॉर्डिनेटर डा. प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट की डीन डा. पूनम शर्मा, रवि गौतम, वैशाली, रूपल मलिक, बुशरा आकिल, प्रशांत चौहान, डा. ऋतु गर्ग आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



जनपद के प्रभारी मंत्री का सम्मान करते हुए। ■ फोटो : जनवाणी

QUALITY ASSURANCE CELL
S.R.C.
MZN.

DAINIK JANVANI

# देश में हर जगह उपलब्ध होगा मुजफ्फरनगर का गुड़

रणवीर सैनी

मुजफ्फरनगर। देश के हर जिले में अब मुजफ्फरनगर के गुड़ की पहचान होगी। देश के किसी भी कोने से कोई भी व्यक्ति अब सीधे कोल्हू मालिक से गुड़ मंगा सकेगा। केंद्र सरकार के साथ प्रत्येक प्रदेश के मुख्यालय और प्रत्येक जिले में मुजफ्फरनगर के गुड़ व्यापारियों और कोल्हू संचालकों की डिजिटल डायरी उपलब्ध होगी। गुड़ की मार्केट को विकसित करने को जिला प्रशासन यह अनूठी पहल करने जा रहा है।

राष्ट्रीय गुड़ महोत्सव के आयोजन को सारगर्भित करते हुए जिला प्रशासन ने गुड़ को लेकर एक ऐसी पहल की है कि गुड़ का व्यापार जिले में कई गुना बढ़ जाएगा। जिले के समस्त गुड़ बनाने वाले कोल्हू संचालकों और गुड़ मंडी के व्यापारियों की डिजिटल डायरी तैयार कराई जा रही है। इस डिजिटल डायरी के माध्यम से सभी के मोबाइल नंबर केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, एनआईसी और देश के सभी जिला मुख्यालयों पर डीएम को भेजे जाएंगे। डिजिटल डायरी के मोबाइल नंबर के आधार पर ऑनलाइन डिमांड पर कोल्हू संचालकों से सीधे गुड़ की खरीद हो सकेगी। डिजिटल डायरी में यह विवरण भी होगा कि किस कोल्हू संचालक के पास किस तरह का गुड़ है। कम गुड़ चाहिए तो सीधे कोल्हू से और अधिक चाहिए तो मंडी के व्यापारी से सीधे खरीद की जा सकेगी।

प्रशासन का यह प्रयास फलीभूत होता है तो आने वाले समय में गुड़ का बाजार तेजी के साथ बढ़ेगा। ग्रामीण अंचल में लगे कोल्हू संचालकों को भी लाभ पहुंचेगा।

### ऑन डिमांड हर जगह गुड़ भेज सकेंगे कोल्हू मालिक, जिला प्रशासन ने तैयार कराई कोल्हू संचालकों की डिजिटल डायरी



पूरे देश में गुड़ की मार्केट को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन ने डिजिटल डायरी तैयार की है। इस डायरी में कोल्हू संचालकों, गुड़ ट्रेडर्स, मंडी व्यापारियों के मोबाइल नंबर होंगे और उनके पास किस क्वालिटी का गुड़ है, यह जानकारी होगी। देश के सभी जिलों के डीएम को यह डिजिटल डायरी उपलब्ध कराई जा रही है। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और सभी प्रदेश सरकारों को भी यह डिजिटल डायरी भेजी जा रही है। देश के किसी भी कोने का व्यक्ति ऑनलाइन गुड़ की डिमांड कर सकेगा। इससे गुड़ से जुड़े लोगों को सीधे लाभ होगा - अमित सिंह, एडीएम मुजफ्फरनगर।

## जिले में बनेगी गुड़ टेस्टिंग, पैकेजिंग की मशीन

मुजफ्फरनगर। प्रदेश सरकार की एक जिला-एक उत्पाद योजना में गुड़ के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जिले में एक गुड़ टेस्टिंग और एक पैकेजिंग की मशीन लगाई जाएगी। गुड़ प्रोत्साहन संवर्धन समिति का गठन किया जाएगा। गुड़ की ई-ट्रेडिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। गुड़ महोत्सव के समापन समारोह में डीएम अजय शंकर पांडेय ने कहा कि जिले में गुड़ टेस्टिंग की मशीन लगाई जाएगी। गुड़ की गुणवत्ता की जांच के लिए यह जरूरी है। प्रदेश सरकार इस मशीन की खरीद पर 90 प्रतिशत अनुदान देगी। गुड़ की पैकिंग के लिए 90 प्रतिशत के अनुदान पर ही मशीन खरीदी जा सकेगी। ये मशीन जिले को जल्द ही मिल जाएगी। गुड़ के उत्पादन और व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए जिले में गुड़ संवर्धन समिति का गठन किया जाएगा। डीएम इसके अध्यक्ष रहेंगे। समिति में कोल्हू मालिक, मंडी के गुड़ व्यापारी, किसान प्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी सदस्य होंगे। इसके अलावा पांच लोग जो गुड़ में दिलचस्पी रखते हों अलग से सदस्य होंगे। उन्होंने बताया कि गुड़ महोत्सव में कुल 447 कोल्हू संचालकों ने भाग लिया। 102 प्रकार के उत्पाद यहां आए। 26 प्रकार के गुड़ और 55 प्रकार के गुड़ के व्यंजन भी यहां देखने को मिले। 5654 लोगों ने गुड़ प्रदर्शनी का भ्रमण किया। गुड़ महोत्सव में गुड़ को कृषि उत्पाद घोषित करने, इससे जीएसटी को हटाने की मांग उठी। गुड़ से मंडी समिति शुल्क हटाने की मांग व्यापारियों ने की। कोल्हू संचालकों ने ट्यूबवेल के कनेक्शन पर कोल्हू का बिजली कनेक्शन देने की मांग की। सभी मांगों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से और सीधे प्रशासन की ओर से सरकार तक पहुंचाया जा रहा है। गुड़ महोत्सव का प्रयास सार्थक और लाभकारी होगा।

## सतीश महाना ने दिया डीएम को अभिनंदन पत्र


प्रदेश के औद्योगिक विकास एवं जिले के प्रभारी मंत्री सतीश महाना ने डीएम अजय शंकर पांडेय को गुड़ महोत्सव के सफल आयोजन के लिए अभिनंदन पत्र भी दिया। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना की।

## जैविक खेती के लिए किया प्रोत्साहित

शाहपुर। कृषि वैज्ञानिक डॉ. दिलीप कुमार ने कहा कि किसान रासायनिक को छोड़कर जैविक विधि से खेती करें। जैविक खेती करने से किसानों को ज्यादा लाभ मिलने के साथ ही बीमारियों का प्रभाव कम होगा। मुजफ्फरनगर में आयोजित गुड़ महोत्सव में आए कृषि वैज्ञानिक डॉ. दिलीप कुमार ने अपनी टीम व अम्मा मलाई यूनिवर्सिटी तमिलनाडु में जैविक खेती में रिसर्च कर रहे डॉ. राजीव कुमार के साथ कस्बे के अलावा गांव रसूलपुर जाटान व चांदपुर पहुंचकर जैविक खेती कर रहे किसानों से मुलाकात की। किसानों ने कृषि वैज्ञानिकों को बताया कि उनके कटहल व आम के पेड़ सूख गए थे। जब उन्होंने डॉ. राजीव कुमार के सहयोग से जैविक खेती की तो उनके पेड़ फल देने लगे। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉ. दिलीप कुमार ने कहा कि किसान रासायनिक खेती न कर जैविक खेती को अपनाएं। रासायनिक खेती बहुत महंगी होने के साथ ही हानिकारक भी है। जबकि जैविक खेती सस्ती होने के साथ लाभदायक है।

अमर उजाला

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL * S.R.C. MZN.


गुड़ महोत्सव में श्रीराम कॉलेज की छात्राओं द्वारा लगाया गया गुड़ उत्पादों का स्टॉल। अमर उजाला


गुड़ महोत्सव के समापन कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते कलाकार। अमर उजाला

# 'भोजन की थाली में लाएंगे गुड़ की मिठास'

## उत्पादन से लेकर व्यापार तक की समस्याओं का होगा हल, किसानों की आय दोगुनी करने की पॉलिसी में शामिल होगा गुड़

अमर उजाला ब्यूरो

मुजफ्फरनगर। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा कि गुड़ हमारी संस्कृति से जुड़ा है। भोजन की थाली से गुड़ कब गायब हो गया, पता ही नहीं चला। जब से गुड़ गया भोजन का मिठास भी चली गई। इस मिठास को भोजन की थाली से दोबारा जोड़ना होगा। इस सब के पीछे किसानों की आय दोगुनी करना भी हमारा मकसद है।

श्रीराम कॉलेज में आयोजित गुड़ महोत्सव में समापन समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री सतीश महाना ने कहा कि गुड़ के उत्पादन और बिक्री को लेकर जितनी भी परेशानी है। इन सभी को दूर किया जाएगा। जिला प्रशासन समस्याओं और गुड़ उद्योग जो रियायतें दी जा सकती है। उनका एक


गुड़ उत्पादों के स्टालों का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री सतीश महाना। अमर उजाला


समापन कार्यक्रम को संबोधित करते प्रभारी मंत्री सतीश महाना। अमर उजाला


आदित्यनाथ के सामने रखकर निराकरण करा दिया जाएगा।

बड़े होटल में जिसे हम ब्राउन शुगर बताकर चाव से खाते हैं। इस खांड़ का खुद हमने प्रयोग बंद कर दिया। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की ... कहा कि उन्होंने इस चुनाव में जाति की दीवारों को तोड़ दिया है। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि गुड़ हमारी ग्रामीण संस्कृति में रचा बसा है। बहुत सी खाने की चीजें हम गुड़ से ही बनाते रहे हैं। बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक, ने कहा कि अब जिले में बिजली विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी किसी कोल्हू संचालक का उत्पीड़न नहीं कर पाएगा। शहर विधायक कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि देश के दूसरे स्थानों पर हमारी पहचान गुड़ से ही है। हम किसी के पास गुड़ लेकर जाते हैं तो वह खुश हो जाता है। एक हजार के मिठाई के डिब्बे से ज्यादा स्नेह 100 रुपए का दो किलो गुड़ देने पर मिलता है। पुरकाजी विधायक प्रमोट ऊंटवाल ने भी विचार रखे। श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता विभाग के रवि गौतम और उनकी टीम के द्वारा गन्ने पर तैयार डाक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। डीएम अजय शंकर पांडेय ने गुड़ महोत्सव की उपलब्धि बताई। जिला सहकारी बैंक के संचालक सुभाष चौधरी समेत अन्य लोगों को भी सम्मानित किया। संचालन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ और प्रशांत चौहान ने किया।

### महोत्सव की मुख्यमंत्री ने की सराहना

गुड़ महोत्सव का आयोजन करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने भेजे संदेश में कहा कि समाज और राष्ट्र हित के कार्यक्रम लगातार होते रहने चाहिए। एक जिला, एक उत्पाद में गुड़ को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन सभी रचनात्मक कदम उठाए। एडीएम वित्त आलोक कुमार ने सीएम का संदेश पढ़कर सुनाया।

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL



MzN BULLETIN

गुड़ महोत्सव के समापन आयोजन पर दीप जलाते, गुड़ का स्वाद लेते एवं सम्बोधन करते प्रभारी मंत्री सतीश महाना व उपस्थित अन्य लोग।

# देश दुनिया में पहचान बनाएगा गुड़: सतीश महाना

## तीन दिवसीय गुड़ महोत्सव का भव्य समापन

मुजफ्फरनगर, 10 जून (बु.)। तीन दिवसीय गुड महोत्सव का आज तीसरे दिन भव्य समापन हुआ। समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास एवं प्रभारी मंत्री सतीश महाना ने कहा कि जिले के गुड़को देश और दुनिया में पहचान मिले, इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास करेगी। इसके साथ ही गुड़को फिर से थाली की जरूरत बनाने पर ध्यान दिया जाएगा।

गुड़ महोत्सव के समापन पर मंत्री सतीश महाना ने कहा कि यह जनपद के लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत जनपद के लिए गुड़ उत्पाद का चयन किया गया है, जिससे जनपद के गुड़ की राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर तो पहचान मिलेगी ही साथ ही गुड़ उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार किसान हित में लगातार कार्य कर रही है। जिसका संपर्क कर सकते है। हमारा यह प्रयास रहेगा कि गुड़ से जीएसटी, मंडी शुल्क एवं बिजली संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु उत्तरप्रदेश सरकार के साथ मिलकर इन दिशाओं में ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि गुड़ व्यापारियों के लिए डिजिटल प्लेट फॉर्म भी तैयार किया जाएगा। जिसके माध्यम से गुड़ व्यापारी ऑनलाइन भी गुड़ की बिक्री कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि खाने की थाली में गुड़ को फिर से पहुंचाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि अगले गुड महोत्सव में और अधिक वैरायटी होगी। उन्होंने गुड़ उत्पादन करने वाले किसानों से कहा कि उन्होंने कहा कि किसान व गांव देश की मूल आत्मा है। उन्होंने कहा कि सरकार व किसानों के बीच संवाद व रिश्ते/सम्बन्ध कायम हुए है। उन्होंने कहा कि हमे गुड़ के महत्व को समझना होगा। उन्होंने कहा कि जनपद के लिए गुड के प्रत्येक विषयों पर एक प्राजेक्ट रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत की जाये ताकि उस रिपोर्ट को मुख्यमंत्री के सामने रखा जा सके। उन्होंने कहा कि यह किसानों व गुड़ उत्पादकों के लिए सुखद व उनके हित में होगा। उन्होंने 102 तरह के गुड की वैरायटी की जमकर तारीफ करते हुए जिलाधिकारी को सम्मानपत्र भी दिया। इस अवसर पर गुड़ महोत्सव के कराने पर मुख्यमंत्री का संदेश भी पढकर सुनाया गया। मंत्री ने गुड महोत्सव में लगाये गये सभी स्टॉलों का भ्रमण कर गुड़ उत्पादकों से जानकारी भी प्राप्त की। नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने बोलते हुए कहा कि कालान्तर में गुड़ उद्योग में भारी ह्रास हुआ है। ऐसे में उत्तरप्रदेश सरकार की एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत गुड़ उद्योगों को गति एवं नई ऊर्जा मिलेगी। इस प्रकार की प्रदर्शनी से जहां गुड़ एवं गुड़ से बने उत्पादों के लिए व्यापारिक मंच तैयार होगा वहीं किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने जनसमूह से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए जिससे जलवायु प्रदूषण मुक्त बने। जिलाधिकारी अजय शंकर पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री की संकल्पना का परिणाम है कि ओडीओपी के अन्तर्गत जनपद में गुड़ को चयनित किया गया। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में 562 कोल्हू संचालकों ने भागीदारी की है और इस महोत्सव में 326 गन्ने की जैविक खेती करने वाले कृषकों, 37 गुड़ व्यापारियों तथा 5654 पंजीकृत कृषकों ने प्रदर्शनी में प्रतिभागिता की। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में 102 प्रकार के गुड़ के उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। श्रीराम कालेज द्वारा तैयार की गई शर्करा नामक डॉक्यूमेंट्री फिल्म जिसमें गुड़ उत्पादन की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से तमाम उन प्रक्रियाओं को दर्शाया गया जो गुड़ को अंतिम रूप देती है। महोत्सव में 26 प्रकार के गुड़, 31 प्रकार के मूल्य संवर्धक गुड़ तथा 55 प्रकार के गुड़ से बने व्यंजन प्रदर्शित किये गये जिसमें गुड़ से बनी चॉकलेट, कतली, केक, टॉफी, चटकन, गजक, रेवड़ी, सिरका, राब, गुड़ की बर्फी, गुड़ के लड्डू आदि प्रदर्शित किये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि गुड़ उद्योग को संगठित एवं डिजिटलाइजेशन करने के एक वेब पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन तैयार की गई है जिसके माध्यम से गुड़ उद्योग, कोल्हू व्यापारी एवं गुड़ को खरीदने व बेचने वालों के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध होगा जिससे गुड़ का ऑनलाइन व्यापार राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त होगा। साथ ही कालाबाजारी रुकेगी और गन्ना किसान और गुड़ उत्पादकों एवं व्यापारियों को सीधे लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि एक गुड़ प्रोत्साहन एवं संवर्धन समिति बनाई जायेगी जिसमें गन्ना किसान, कोल्हू संचालक, गुड़ व्यापारियों, गन्ना समितियों, गन्ना विभाग,

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL
S.D. COLLEGE MZN.